पार्वतीबाई गोखले विज्ञान महाविद्यालय ग्वालियर
व्यक्तित्व विकास शिविर
द्वितीय दिवस

दिनांक 29/11/2023

व्यक्तिव शिविर के द्वितीय दिवस का प्रारंभ भारतीय परम्परा के अनुसार माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा श्लोक व सुविचार का वाचन किया गया| शिविर के प्रथम सत्र में वक्ता के रूप मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय गुप्ता जी उपस्थित रहे|
आपने विद्यार्थियों का वक्ता प्रशिक्षण विषय पर मार्गदर्शन किया|
आपने बताया कि एक कुशल वक्ता किस प्रकार बना जा सकता है, उसके लिए किन बातों को स्वयं में आत्मसात करना आवश्यक है|
साथ ही आपने बताया कि समूह चर्चा के लिए भी किन बातों को ध्यान रखना आवश्यक है| उसके उपरांत विद्यार्थियों को समसामयिक विषय दिए गए जिनपर विद्यार्थियों ने पर आकर अपने विचार रखे| उसके उपरांत बौद्धिक खेल खिलाए गए| शिविर के द्वितीय सत्र में वक्ता के रूप मे डॉ शिव कुमार शर्मा जी उपस्थित रहे आपने साहित्य एवं विज्ञान विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया|
उसके उपरांत व्यक्तिव विकास में भाषा कौशल का महत्व विषय पर विद्यार्थियों द्वारा समूह चर्चा की गई| शिविर में 50 विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई|